न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,सिमडेगा।

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या – 25/2015 – 2016

भरत कुमार अग्रवाल

बनाम

बन्धु मियाँ

दिनांक 12/07/2022

प्रस्तुत वाद दाखिल खारिज द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील दायर किया गया है। वाद की कार्यवाही आवेदक भरत कुमार अग्रवाल पिता स्व0 जगदीश प्रसाद अग्रवाल ग्राम सिमडेगा थाना सिमडेगा जिला सिमडेगा के द्वारा दाखिल खारिज वाद संख्या 493R27/2013 – 2014 दिनांक .... को अंचल अधिकारी बानो द्वारा अस्वीकृत दाखिल खारिज के विरुद्ध स्वीकृति हेतु अपील दायर किया गया है। दाखिल खारिज वाद संख्या – 25/2015 – 2016 के अनुसार प्रश्नगत् भूमि की विवरणी निम्नवतः हैः–

मौजा	थाना	थाना नं0	खाता न0	प्लॉट न0	रकबा
सिमडेगा गरजा	सिमडेगा	82	169	2116	0.44 एकड़

वाद की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए दिनांक 06.01.2018 को दोनो पक्षो को नोटिस निर्गत किया गया था । अंचल अधिकारी सिमडेगा से निम्न न्यायालय से न्यायालय की मांग की गई थी। दिनांक 31.01.2018 को अंचल अधिकारी सिमडेगा के द्वारा निम्न न्यायालय का अभिलेख प्राप्त है। अभिलेख के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उभय पक्षों को न्यायालय में संबंधित वाद की सुनवाई हेतु उपस्थित होने के लिए आदेशित किया जाता रहा है। दिनांक 07.03.2018 से दिनांक 23.04.2021 तक उभय पक्षों के द्वारा अधिवक्ताओं के माध्यम से हाजरी पड़ी और ना ही उभय पक्षों व्यक्तिगत रुप से न्यायालय में सशरीर उपस्थित हो सके। ऐसा प्रतीत होता है कि उभय पक्षों को दाखिल खारिज वाद संख्या 493R27/2013 – 2014 वाद की सुनवाई में व्यक्तिगत रुप से अभिरुचि नहीं है इनकी मनसा शायद न्यायालय के समय का बर्बाद करने का है। ऐसे स्थिति में वाद संख्या 493R27/2013 – 2014 को संचिकास्त किया जा सकता है । फिर भी यदि आवेदक की इच्छा हो तो संबंधित वाद को न्यायालय में पुनः सुनवाई हेतु आवेदन पत्र समर्पित करते हुए अनुरोध कर सकते है।

लेखापित एवं संशोधित।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

Digitally signed by MAHENDRA KUMAR
Date: 2022.10.12 19:14:54 +05:30
Location: 10.93.64.4